दिनांकः 23.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जयपुर के सैनिक स्कूल का औपचारिक उद्घाटन किया–कहा–सेना को मजबूत बनाने में सैनिक स्कूलों की महत्वपूर्ण भूमिका।

- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो देखना पॉक्सो अधिनियम का उल्लंघन है।

- केन्द्रीय सूचना और प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे–वे कोटा रेल मण्डल में रेल्वे ट्रैक सुरक्षा प्रणाली कवच का ट्रायल लेंगे।

- जैसलमेर, जोधपुर तथा बाड़मेर के कुछ भागों से मॉनसून की विदाई शुरू–पूर्वी जिलों में करीब एक सप्ताह तक मॉनसून की गतिविधियां जारी रहने के आसार।

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेना को मज़बूत बनाने की दिशा में सैनिक स्कूल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे आज जयपुर में खोले गए नए सैनिक स्कूल के औपचारिक उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि राजस्थान की धरती संस्कृति और शौर्य के लिए पहचानी जाती है जिसने देश को कई बहादुर सैनिक दिए हैं। श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा देश का विकास के आधारभूत तत्व है। उन्होंने कहा कि इस सैनिक स्कूल को विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए पुराने लड़ाकू जहाज़, टैंक और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे।

000

जयपुर के सैनिक स्कूल ने वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में काम करना शुरू कर दिया है। यह गैर–सरकारी संगठनों, राज्य सरकारों और निजी स्कूलों के साथ साझेदारी से देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने के सरकार के विजन का हिस्सा है। ये नए स्कूल पहले से ही चल रहे 33 सैनिक स्कूलों के अलावा होंगे। रक्षा मंत्रालय ने पी.पी.पी. मोड के तहत 45 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी दी है। ये नए स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्डों से संबद्ध होने के अलावा, सैनिक स्कूल सोसायटी के अधीन काम करेंगे और नियमों और विनियमों का पालन करेंगे। संबद्ध नियमित बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा, वे सैनिक स्कूल पैटर्न के छात्रों को अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गौरतलब है कि पिछले साल सितम्बर में, सैनिक स्कूल सोसायटी ने जयपुर में श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल में नए सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो देखना पॉक्सो अधिनियम का उल्लंघन है। शीर्ष अदालत ने देशभर की सभी अदालतों से कहा है कि वे किसी भी न्यायिक आदेश या फैसले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का प्रयोग नहीं करें। सर्वोच्च न्यायालय ने आज यह निर्देश मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले को रद्द करते हुए दिए। मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले में कहा गया था कि बच्चों से जुड़ीं अश्लील विडियो देखना पॉक्सो अधिनियम के दायरे में नहीं आएगा। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला के फैसले में सुझाव दिया गया है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफ़ी के स्थान पर न्यायालय बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार

सामग्री—सीएसईएएम शब्द का प्रयोग किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि संसद को वैकल्पिक शब्द पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

000

राज्यपााल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि संतों के जीवन से हमें आदर्श जीवन जीने की सीख मिलती है। श्री बागडे ने आज जयपुर में श्री गोपाल मंदिर में पूजा—अर्चना कर राष्ट्र और राज्य की खुशहाली की कामना की। श्री बागडे ने कहा कि चक्रधर स्वामी और गोविन्द प्रभु के अवतार उत्सव पर उनकी दी हुई शिक्षाओं से हमे प्रेरणा लेने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि चक्रधर स्वामी ने मानवता के धर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और उन्होंने समाज के सभी वर्गो को जोडने का काम किया।

000

केन्द्र सरकार थोक बाजार में प्याज की कीमतों को कम करने के लिए अतिरिक्त प्याज बाजार में ला रही है। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा कि बफर स्टॉक में प्याज की पर्याप्त मात्रा है और खरीफ मौसम में प्याज की बुआई अच्छी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार प्याज की कीमतों पर कड़ी नजर रख रही है। श्रीमती खरे ने विश्वास व्यक्त किया कि प्याज की कीमतें जल्द ही कम होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार खुदरा बाजार में 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज उपलब्ध करा रही है और इस सप्ताह से राज्यों में रियायती दरों पर प्याज की बिक्री शुरू हो जाएगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको वन और पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक अन्तर्राष्ट्रीय उपलब्धि के बारे में बता रहे हैं।

केन्द्र ने इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस—आईबीसीए की स्थापना के लिये ढांचागत समझौते पर हस्ताक्षर कर इस अलायंस का सदस्य देश बनने के भारत के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके बाद भारत आईबीसीए का संस्थापक सदस्य बन गया है। सात बिग कैट्स में बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता शामिल हैं। इनमें से भारत में पांच बिग कैट्स में बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता पाए जाते हैं। इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस आपसी लाभ के लिए देशों के बीच सहयोग स्थापित करेगा और दीर्घकालिक संरक्षण एजेंडे को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। भारत का इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस का संस्थापक सदस्य बनना एक महान क्षण है जो बिग कैट्स के संरक्षण और भरण—पोषण में देश के नेतृत्व को प्रदर्शित करता है। यह निश्चित रूप से दुनियाभर में बिग कैट्स संरक्षण के क्षेत्रों में पारस्परिक लाभ और समझ में सहायता करेगा।

000

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। वे कल जयपुर में भारतीय जनता पार्टी के जयपुर जिले के शहरी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद वे पार्टी के राज्य महिला मोर्चा द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में शिरकत करेंगे। रेल मंत्री कल जयपुर से सवाईमाधोपुर रेल ट्रैक का निरीक्षण करेंगे। रेल मंत्री सवाईमाधोपुर से बूंदी के सुमेरगंजमंडी तक ट्रेन के लोको में सफर कर रेल्वे ट्रैक सुरक्षा प्रणाली कवच का ट्रायल लेंगे। कोटा मण्डल में कोटा से सवाईमाधोपुर

के बीच का रेलवे ट्रैक सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 से लैस पहला ट्रैक बन गया है। रेलवे ने यहां स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का अत्याधुनिक वर्जन स्थापित किया है। श्री वैष्णव सुमेरगंज मण्डी से दिल्ली तक के रेल्वे ट्रैक का भी निरीक्षण करेंगे।

000

10वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। दो दिन के सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कर रहे हैं। श्री बिरला इस संगठन के अध्यक्ष भी हैं। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, सभापति, अध्यक्ष और उपसभापति सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन का विषय "सतत और समावेशी विकास प्राप्त करने में विधायी निकायों की भूमिका" है। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बदलते परिदृश्य के मद्देनजर लोगों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए देश के विधायी निकायों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और संचार माध्यम लोगों के जीवन का हिस्सा बन गए हैं। यह संगठन वर्ष 2004 में बनाया गया था। वर्तमान में, इसकी 31 सदस्य शाखाएँ हैं। इनमें भारत की संसद और 30 राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश के विधानमंडल शामिल हैं। भारत में यह सम्मेलन दूसरी बार आयोजित हो रहा है।

000

57वीं अन्तर रेलवे निशानेबाजी प्रतियोगिता आज से जयपुर में शुरू हुई। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता का रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री, रवनीत सिंह ने शुभारंभ किया। श्री सिंह ने खेलो और खिलाडियों को बढावा देने के लिए रेल्वे की सराहना की।

000

27 सितम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पेरिस ओलम्पिक 2024 में कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और चौथा स्थान हासिल करने वाले अर्जुन बबूता के अलावा एशियाड, राष्ट्रमण्डल खेलों के खिलाड़ियों सहित लगभग 120 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।

000

प्रदेश के जैसलमेर के साथ साथ जोधपुर तथा बाड़मेर के कुछ भागों से आज मॉनसून की विदाई शुरू हो गई है। सामान्यतः इसकी शुरूआत 17 सितम्बर से हो जाती है, लेकिन इस बार 6 दिन की देरी से हुई है। इस बीच, प्रदेश के पूर्वी जिलों में अभी भी मॉनसून सक्रिय है। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में बारिश थमने के साथ तापमान में भी बढोतरी शुरू हो गई है। आज कुछ स्थानों पर पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया, जिसके कारण लोगों को गर्मी का एहसास हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अभी करीब एक सप्ताह पूर्वी हिस्सों में मॉनसून की गतिविधियां जारी रहने के आसार हैं।

000

पहले विश्व युद्ध के दौरान हाइफा लड़ाई के हीरो मेजर दलपत सिंह का 106वां बलिदान दिवस आज पाली में मनाया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने नया गांव स्थित हाइफा सर्किल पर मेजर की मूर्ति को माला पहनाई। इस दौरान शौर्य रैली निकाली गई। बलिदान दिवस पर हाइफा सर्किल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जैसलमेर में इस अवसर पर संगोष्ठी हुई जिसमें वक्ताओं ने मेजर दलपत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

000

प्रदेश में हिन्दी पखवाड़ा के तहत विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। राज्य बीमा और प्रावधायी निधि विभाग के विधि और प्रशिक्षण अनुभाग की ओर से हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आज पुरस्कार दिये गये। सामान्य ज्ञान और निबंध प्रतियोगिता में अधिकारी वर्ग में प्रहलाद मीणा और कर्मचारी वर्ग में सिद्धार्थ देवल विजेता रहे। विभाग की निदेशक हेमपुष्पा शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार दिये। आकाशवाणी जयपुर में आज हिन्दी पखवाड़ा के तहत हिन्दी व्याकरण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

000